# 21 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 21, 2019

**CURRENT AFFAIRS**

**Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)**

**Like share & subscribe**

**www.studymasterofficial.com**

**join telegram for pdfs https://t.me/studymaster**

21 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

www.studymasterofficial.com

प्रश्न 1. स्नातकों को रोजगार देने के मामले भारत के कितने संस्थानों को विश्व के शीर्ष 200 संस्थानों की सूची में स्थान मिला है?
क. 2 संस्थानों
**ख. 4 संस्थानों**
ग. 6 संस्थानों
घ. 10 संस्थानों

**उत्तर:** ख. 4 संस्थानों – स्नातकों को रोजगार देने के मामले भारत के 4 संस्थानों को विश्व के शीर्ष 200 संस्थानों की सूची में स्थान मिला है. इस सूची में भारत के आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी मद्रास और दिल्ली विश्वविद्यालय को स्थान मिला है. इस रैंकिंग में एमआईटी को पहला और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी को दूसरा स्थान मिला है.

---

प्रश्न 2. इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ाने के उद्देश्य से निर्मला सीतारमण ने घरेलू कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर कितने प्रतिशत कर है?

क. 25 प्रतिशत
**ख. 22 प्रतिशत**
ग. 20 प्रतिशत
घ. 15 प्रतिशत

**उत्तर:** ख. 22 प्रतिशत – हाल ही में इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ाने के उद्देश्य से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गोवा में जीएसटी काउंसिल की बैठक में घरेलू कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है. और सरचार्ज और सेस मिलाकर प्रभावी टैक्स दर 25.17% कर दी है.

---

प्रश्न 3. निम्न में से किस देश में कचरे की समस्या से निपटने के लिए इंडस्ट्री की 31 प्रमुख कंपनियां ने एशिया का अनूठा वेंचर लॉन्च किया है?
क. चीन
ख. श्रीलंका
**ग. भारत**
घ. बांग्लादेश

**उत्तर:** ग. भारत – हाल ही में भारत में कचरे की समस्या से निपटने के लिए इंडस्ट्री की 31 प्रमुख कंपनियां ने एशिया का अनूठा वेंचर लॉन्च किया है. इस वेंचर को सामान्य प्लास्टिक सर्कुलर इकोनॉमी तैयार करने के लिये किया जा रहा है. ये सभी 31 प्रमुख कंपनियां संपत्ति, संसाधनों को एकजुट करेगी और 1000 करोड़ से भी अधिक रुपये का निवेश करेंगी.

---

प्रश्न 4. एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल के मुतबिक, विश्व में 5 तेजी से बढ़ने वाले हवाईअड्डों में भारत के कितने हवाईअड्डे को स्थान मिला है?
**क. 2 हवाईअड्डे**
ख. 3 हवाईअड्डे
ग. 4 हवाईअड्डे
घ. एक हवाईअड्डे को भी नहीं

**उत्तर:** क. 2 हवाईअड्डे – एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल के मुतबिक, विश्व में 5 तेजी से बढ़ने वाले हवाईअड्डों में भारत के 2 हवाईअड्डे को स्थान मिला है. इस सूची में बेंगलुरू का केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा को पहला और राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा को तीसरा स्थान मिला है. बेंगलुरू हवाईअड्डे वर्ष 2018 के मुकाबले 2018 में 29.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.

---

प्रश्न 5. सरकार ने एयर वाइस चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया को _____ का प्रमुख नियुक्त किया है?
क. जलसेना
ख. स्थलसेना
**ग. वायुसेना**
घ. निति आयोग

**उत्तर:** ग. वायुसेना – सरकार ने हाल ही में एयर वाइस चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया को अगले वायुसेना का प्रमुख नियुक्त किया है. वे 30 सितंबर को चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद से रिटायर होने वाले बीएस धनोआ की जगह स्थान लेंगे. एयर वाइस चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया इस पद पर 3 वर्ष तक या फिर 62 वर्ष की उम्र तक अपनी सेवाए दे सकेंगे.

---

HSSC CLERK STUDY NOTES DOWNLOAD LINK

---

प्रश्न 6. इसरो और किसने हाल ही में "गगनयान" मिशन के लिए मानव केंद्रित प्रणालियां विकसित करने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये है?
क. केंद्र सरकार
ख. निति आयोग
ग. भारतीय स्टेट बैंक
**घ. डीआरडीओ**

www.studymasterofficial.com

**उत्तर:** घ. डीआरडीओ – भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हाल ही में "गगनयान" मिशन के लिए मानव केंद्रित प्रणालियां विकसित करने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये है. इस सहमति पत्र के तहत डीआरडीओ, इसरो को कुछ अहम तकनीक उपलब्ध कराएगा.

---

प्रश्न 7. 21 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?
क. अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
ख. अंतर्राष्ट्रीय विज्ञानं दिवस
ग. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
**घ. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस**

**उत्तर:** घ. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस – 21 सितम्बर को विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस (International Day of Peace , World Peace Day) मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रखना है. साथ ही आज के ही दिन विश्व अल्जाइमर दिवस भी मनाया जाता है. इस दिवस का उद्देश्य अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में रोकथाम के साथ लोगो को जागरूक करना है

---

प्रश्न 8. इनमे से किस विश्वविद्यालय ने हाल ही में एलएलबी-एलएलएम के सिलेबस में 'तीन तलाक' कानून शामिल किया है?
क. इग्नू
ख. दिल्ली यूनिवर्सिटी
**ग. महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय**
घ. जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय

**उत्तर:** ग. महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय – महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने हाल ही में एलएलबी-एलएलएम के सिलेबस में 'तीन तलाक' कानून शामिल किया है. अब तीन तलाक कानून 3 वर्षीय और 5 वर्षीय एलएलबी तथा एलएलएम के छात्रों को पढ़ाया जाएगा.

---

प्रश्न 9. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किसे हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है?
क. जेम्स होप्स
ख. अलेक्स हल्स
**ग. रॉबर्ट ओ ब्रायन**
घ. जेम्स ओ ब्रायन

**उत्तर:** ग. रॉबर्ट ओ ब्रायन – अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में प्रमुख वार्ताकार रॉबर्ट ओ ब्रायन को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है. वे जॉन बोल्टन की जगह लेंगे. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रॉबर्ट ओ ब्रायन चौथे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे.

---

प्रश्न 10. भारतीय बॉक्सर अमित पंघाल वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कितने किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए है?
क. 42 किलोग्राम भार वर्ग
ख. 48 किलोग्राम भार वर्ग
**ग. 52 किलोग्राम भार वर्ग**
घ. 58 किलोग्राम भार वर्ग

**उत्तर:** ग. 52 किलोग्राम भार वर्ग – भारतीय बॉक्सर अमित पंघाल वर्ल्ड चैम्पियनशिप में 52 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए है. उन्होंने सेमीफाइनल में कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराया था. दूसरी ओर 63 किलोग्राम भार में भारत के मनीष कौशिक ने ब्रोंज मेडल जीता है.

---

प्रश्न 11. श्रीलंका क्रिकेट टीम के किस गेंदबाज पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 1 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है?
क. दिनेश चंदिमल
**ख. अकिला धनंजय**
ग. अजंता मेंडिस
घ. सुरंगा लक्मल

www.studymasterofficial.com

**उत्तर:** ख. अकिला धनंजय – श्रीलंका क्रिकेट टीम के गेंदबाज अकिला धनंजय पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 1 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है. हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में अकिला धनंजय के बोलिंग एक्शन को संदिग्ध पाया था. इससे पहले भी धनंजय पर दिसंबर-2018 में प्रतिबंधित लगाया गया था.

---

**DOWNLOAD PDF** – CLICK HERE

**admin**

www.studymasterofficial.com

# 22 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 22, 2019

STUDY MASTER

LEARN WHILE ENJOYING

## 22 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

www.studymasterofficial.com

---

प्रश्न 1. फ्रांस के द्वारा हाल ही में भारत की वायुसेना को सोपे जाने वाले पहले राफेल लड़ाकू विमान का नाम किसके नाम पर रखा गया है?
क. एपीजी अब्दुल कलाम
ख. नरेंद्र मोदी
ग. सीवी रमण
**घ. आरकेएस भदौरिया**

**उत्तर:** घ. आरकेएस भदौरिया – हाल ही में फ्रांस के द्वारा हाल ही में भारत की वायुसेना को सोपे जाने वाले पहले राफेल लड़ाकू विमान का नाम अगले एयर चीफ आरकेएस भदौरिया के नाम पर रखा गया है. इस राफेल का नंबर आरबी-01 है. वर्ष 2016 में भारत ने फ्रांस के साथ 60,000 करोड़ रुपये में 36 राफेल खरीदने का समझोता किया था.

---

प्रश्न 2. कैंब्रिज एनालिटिका डेटा घोटाले के बाद किस कंपनी ने करीब 400 डेवलपरों से जुड़े हजारों एप को निलंबित कर दिया है?
क. ट्विटर
ख. माइक्रोसॉफ्ट
**ग. फेसबुक**
घ. अमेज़न

**उत्तर:** ग. फेसबुक – कैंब्रिज एनालिटिका डेटा घोटाले के बाद फेसबुक ने करीब 400 डेवलपरों से जुड़े हजारों एप को निलंबित कर दिया है. सोशल मीडिया कंपनी ने कहा है की ये सभी एप्प लोगों के लिए खतरनाक है या नहीं इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है. वे अभी भी टेस्टिंग फेस में थे और बहुत से एप्प काम नहीं कर रहे थे.

---

प्रश्न 3. भारत की किस राज्य सरकार ने हाल ही में तीसरी से लेकर आठवीं कक्षा तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर दिया है?
क. दिल्ली सरकार
ख. केरल सरकार

ग. गुजरात सरकार
**घ. उत्तराखंड सरकार**

**उत्तर:** घ. उत्तराखंड सरकार – उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में तीसरी से लेकर आठवीं कक्षा तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर दिया है. दरअसल, उत्तराखंड राज्य में संस्कृत को दूसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. इस राज्य में लगभग सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों की संख्या 5000 है.

---

प्रश्न 4. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाल ही में कितने वैज्ञानिकों को 2018 के राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया है?
क. 12 वैज्ञानिकों
ख. 17 वैज्ञानिकों
**ग. 22 वैज्ञानिकों**
घ. 32 वैज्ञानिकों

**उत्तर:** ग. 22 वैज्ञानिकों – संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाल ही में 22 वैज्ञानिकों को 2018 के राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया है. इस वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार भू-विज्ञान, खनन और संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है. सैयद नकवी को उत्कृष्टता का पुरस्कार और सोहिनी गांगुली को यंग साइंटिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 5. भारत के किस शहर में स्कॉर्पीन क्लास की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' को लॉन्च किया गया है?
क. दिल्ली
**ख. मुंबई**
ग. जयपुर
घ. गोवा

**उत्तर:** ख. मुंबई – भारत के मुंबई में स्कॉर्पीन क्लास की दूसरी पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' को लॉन्च किया गया है. इस पनडुब्बी को मझगांव डॉक लिमिटेड शिपयार्ड पर आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में लॉच किया गया. पनडुब्बी आईएनएस 'खंदेरी' अत्याधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह से लैस है.

---

## India GK Questions Answers-(PART-7) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-7)

---

प्रश्न 6. विदेशी धन प्राप्त करने वालों के लिए किसने हाल ही में विदेशी फंड नियमन कानून में बदलाव करने की घोषणा की है?
क. सुप्रीमकोर्ट
ख. निति आयोग
ग. योजना आयोग
**घ. केंद्र सरकार**

**उत्तर:** घ. केंद्र सरकार – केंद्र सरकार ने हाल ही में विदेशी धन प्राप्त करने वालों के लिए विदेशी फंड नियमन कानून में बदलाव करने की घोषणा की है. विदेशी फंड प्राप्त करने वाले सभी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सभी अधिकारियों तथा पदाधिकारियों को यह लिखित प्रमाण पत्र देना होगा.

---

प्रश्न 7. भारत की सीमाओं के इतिहास को नए सिरे से लिखने की योजना को किसने मंजूरी दे दी है?
क. रामनाथ कोविंद
**ख. राजनाथ सिंह**
ग. नरेंद्र मोदी
घ. रामविलास पासवान

**उत्तर:** ख. राजनाथ सिंह – भारत की सीमाओं के इतिहास को नए सिरे से लिखने की योजना को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत देश की सीमाओं के इतिहास को कलमबद्ध किया जायेगा. इस योजना का उद्देश्य शहरों और ग्रामीण नागरिकों को देश की सीमांत क्षेत्रों की संस्कृति, इतिहास और मानव भूगोल के बारे में जागरूक करना है.

---

प्रश्न 8. हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार कौन सा दिवस मनाया है?
क. विश्व स्वास्थ्य दिवस
**ख. विश्व मरीज सुरक्षा दिवस**

ग. विश्व विज्ञानं दिवस
घ. विश्व गुलाब दिवस

**उत्तर:** ख. विश्व मरीज सुरक्षा दिवस – हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व मरीज सुरक्षा दिवस 17 सितंबर को पहली बार मनाया है. अब से हर वर्ष 17 सितंबर को विश्व भर में विश्व मरीज सुरक्षा दिवस मनाया जायेगा. इस दिन मरीजों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुरे विश्व में अभियान चलाया गया.

---

प्रश्न 9. अफगानिस्तान के खिलाफ किस टीम के कप्तान हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक व्यक्तिगत रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं?
क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम
ख. श्रीलंका क्रिकेट टीम
ग. होन्ग-कोग क्रिकेट टीम
**घ. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम**

**उत्तर:** घ. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम – जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कप्तान हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 42 गेंदों पर 71 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई. इस जीत के साथ हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे अधिक व्यक्तिगत रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं.

---

प्रश्न 10. दक्षिण एशिया के लिए शांति और समृद्धि के लिए किस देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को डॉ. कलाम स्मृति अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
क. जापान
ख. चीन
**ग. बांग्लादेश**
घ. पकिस्तान

**उत्तर:** ग. बांग्लादेश – दक्षिण एशिया के लिए शांति और समृद्धि के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को डॉ. कलाम स्मृति अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. साथ ही इस पुरस्कार के द्वारा दोनों देशो के बीच सम्बन्ध मज़बूत होंगे. इस पुरस्कार को राजदूत टीपी श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को दिया है.

---

## HSSC CLERK 2019 All shift Paper (21.22.23 september 2019) – Download Pdf

---

/

/

**DOWNLOAD FROM HERE** – **Click Here**

www.studymasterofficial.com

Haryana Staff Selection Commission (HSSC)

admin

www.studymasterofficial.com

# 23 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 23, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

www.studymasterofficial.com

## 23 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

---

प्रश्न 1. अमेरिका ने दक्षिण कोरिया की किस कंपनी पर पर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है?
**क. हौंडा हैवी इंडस्ट्रीज**
ख. बीएमडब्लू हैवी इंडस्ट्रीज
ग. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज
घ. महिंदा हैवी इंडस्ट्रीज

**उत्तर:** ग. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज – अमेरिका ने हाल ही में दक्षिण कोरिया की हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज पर पर्यावरण संबंधी नियमों का उल्लंघन करते हुए खराब डीजल इंजन आयात करने और बेचने के कारण 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है. हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज ने वर्ष 2012 से 2015 के बीच डीजल से चलने वाले करीब 2,300 भारी निर्माण वाहनों का आयात किया है.

---

प्रश्न 2. इनमे से किस माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ने चीन के 4302 फर्जी न्यूज अकाउंट बंद कर दिए है?
क. फेसबुक
**ख. ट्विटर**
ग. गूगल
घ. माइक्रोसॉफ्ट

**उत्तर:** ख. ट्विटर – माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने हाल ही में चीन के 4302 फर्जी न्यूज अकाउंट बंद कर दिए है और साथ ही कार्रवाई के तहत सऊदी अरब के 273 अकांउट हटाए हैं. चीन के 4,302 अकाउंट से हांगकांग में प्रदर्शनकारियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश की जा रही थी. ट्विटर ने स्पेन और इक्वाडोर से चल रहे 1,019 फर्जी ट्विटर अकाउंट भी बंद किये है.

---

प्रश्न 3. निम्न में से किसने हाल ही में भारत में पहली एकीकृत ईआरएसएस, ई-बीट बुक, और ई-साथी एप्प का लोकार्पण किया है?
क. रामविलास पासवान
**ख. अमित शाह**
ग. पीयूष गोयल
घ. जगमोहन सिंह

**उत्तर:** ख. अमित शाह – भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में भारत में पहली एकीकृत ईआरएसएस, ई-बीट बुक, और ई-साथी एप्प का लोकार्पण किया है. साथ ही चण्डीगढ में आम लोगो को आपातकाल के समय सहायता के लिये अलग–अलग नम्बर याद न रखना पड़े इसलिए डायल 112 सुविधा उपलब्ध करायी है.

---

प्रश्न 4. भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक श्याम रामसे का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?
क. 55 वर्ष
ख. 59 वर्ष
**ग. 67 वर्ष**
घ. 76 वर्ष

**उत्तर:** ग. 67 वर्ष – भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक में से एक और हॉरर फिल्मों के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध एक श्याम रामसे का हाल ही में 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 1984 में पुराना मंदिर, 1975 में अंधेरा, 1980 में सबूत, 1989 में पुरानी हवेली जैसे बहुत से हॉरर फिल्मों का निर्देशन किया था.

---

प्रश्न 5. भारत के किस राज्य में वनों के आस-पास के क्षेत्रों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए बायो-फेंसिंग के उपयोग करने का निर्णय लिया गया है?
क. उत्तर प्रदेश
ख. मध्य प्रदेश
ग. केरल
**घ. उत्तराखंड**

**उत्तर:** घ. उत्तराखंड – उत्तराखंड राज्य में हाल ही में वनों के आस-पास के क्षेत्रों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए बायो-फेंसिंग के उपयोग करने का निर्णय लिया गया है इस बायो-फेंसिंग पौधों या झाड़ियों की पतली या संकरी पट्टीदार लाइन होती है जो की जंगली जानवरों के साथ-साथ हवा के तेज़ झोंकों और धूल आदि से भी रक्षा करती है.

---

प्रश्न 6. भारतीय खिलाडी अमित पंघाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कौन सा मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बॉक्सर बन गए है?
क. गोल्ड मेडल
**ख. सिल्वर मेडल**
ग. ब्रोंज मेडल
घ. इनमे से कोई नहीं

www.studymasterofficial.com

**उत्तर:** ख. सिल्वर मेडल – भारतीय खिलाडी अमित पंघाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बॉक्सर बन गए है. उन्हें फाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के बॉक्सर शाखोबिदिन जोरेव ने 52 किग्रा वर्ग 5-0 से दिया. उन्होंने सेमीफाइनल में कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराकर फाइनल में जगह बनायीं थी.

---

प्रश्न 7. निम्न में से कौन सा खिलाडी क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाला ऐशियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बन गया है?
क. महेंद्र सिंह धोनी
ख. एडम गिलक्रिस्ट
ग. कुंटन डीकोक
**घ. कामरान अकमल**

**उत्तर:** घ. कामरान अकमल – पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल हाल ही में महेंद्र सिंह धोनी और एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़कर क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले ऐशियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बन गया है. उन्होंने कायदे ए आजम ट्रॉफी में सेंट्रल पंजाब के फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपना 31वां शतक लगाया.

---

प्रश्न 8. ऑस्ट्रेलिया के किस पूर्व बल्लेबाज को श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे पर खेली जानी वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मैच रैफरी नियुक्त किया गया है?
क. एंड्रू श्य्मंड
ख. माइकल क्लार्क
ग. जेम्स कैल्विन
**घ. डेविड बून**

**उत्तर:** घ. डेविड बून – अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड बून को श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे पर खेली जानी वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मैच रैफरी नियुक्त किया गया है. डेविड बून तीन मैचों की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए मैच रैफरी नियुक्त किये गए है.

---

प्रश्न 9. भारतीय रेसलर दीपक पूनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में कितने किलोग्राम वर्ग फ्री स्टाइल कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है?
क. 55 किलोग्राम वर्ग
ख. 65 किलोग्राम वर्ग
ग. 75 किलोग्राम वर्ग
**घ. 86 किलोग्राम वर्ग**

**उत्तर:** घ. 86 किलोग्राम वर्ग – भारतीय रेसलर दीपक पूनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 86 किलोग्राम वर्ग वर्ग फ्री स्टाइल कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता है वे चोट की वजह से फाइनल मुकाबला नहीं खेल पाए. दीपक पूनिया ने सेमीफाइनल स्वीडन के स्टीफन रेचमुथ को 8-2 से हराया था.

---

प्रश्न 10. एनजीओ साहिल के द्वारा संकलित रिपोर्ट के मुताबिक, किस देश में 6 महीने में 1,300 बाल यौन उत्पीड़न के मामले हुए है?
क. भारत
ख. ऑस्ट्रलिया
**ग. पकिस्तान**
घ. श्रीलंका

**उत्तर:** ग. पकिस्तान – गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एनजीओ साहिल के द्वारा संकलित रिपोर्ट के मुताबिक, पकिस्तान में 6 महीने में 1,300 बाल यौन उत्पीड़न के मामले हुए है. इन महीनों के दौरान 729 लड़कियों और 575 लड़कों ने किसी न किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न का सामना पड़ा है.

22 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

www.studymasterofficial.com

DOWNLOAD PDF

**admin**

www.studymasterofficial.com

# 24 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

By **admin** - September 24, 2019

> *Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*
>
> *Like share & subscribe*
>
> *www.studymasterofficial.com*
>
> *join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

---

## 24 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

www.studymasterofficial.com

प्रश्न 1. 140 साल के इतिहास में पहली बार भारत की वर्ष 2021 की जनगणना किसके माध्यम से की जाएगी?
क. वेबसाइट
ख. मोबाइल ऐप

ग. पर्ची
घ. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर:** ख. मोबाइल ऐप – अमित शाह ने कहा है की 140 साल के इतिहास में पहली बार भारत की वर्ष 2021 की जनगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी. करीब 33 लाख कर्मचारी घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जनगणना के आंकड़े को इकट्ठा करेगे. केंद्र सरकार जनगणना के लिए एक खास एंड्रायड मोबाइल ऐप विकसित करवा रही है.

---

प्रश्न 2. ह्यूस्टन के "हाउडी मोदी" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसे भारत आने का निमंत्रण दिया है?
क. व्लादिमीर पुतिन
ख. शिंजो अबे
ग. इम्मानुएल मैक्रॉन
**घ. डोनाल्ड ट्रम्प**

**उत्तर:** घ. डोनाल्ड ट्रम्प – अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित "हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत आने का निमंत्रण दिया है. साथ ही इस कार्यकम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50,000 भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया.

---

प्रश्न 3. ब्रिटेन की कितने वर्ष पुरानी ट्रेवल कंपनी थॉमस कुक ने स्वयं को दिवालिया घोषित किया है?
क. 120 वर्ष
ख. 132 वर्ष
ग. 156 वर्ष
**घ. 178 वर्ष**

---

प्रश्न 4. पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माधव आप्टे का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?
क. 65 वर्ष
ख. 75 वर्ष
**ग. 86 वर्ष**
घ. 95 वर्ष

**उत्तर:** ग. 86 वर्ष – पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माधव आप्टे का हाल ही में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उन्हें अपने छोटे से टेस्ट करियर में भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले जिसमे 542 रन बनाए थे. इन रनों में 1 शतक और तीन अर्धशतक शामिल है. उनके निधन पर दिग्गज क्रिकेटरों ने दुख व्यक्त किया और सोशल मीडिया श्रद्धांजलि दी.

---

प्रश्न 5. निम्न में से किस बैंक ने फ्लोटिंग रेट वाले एमएसएमई, हाउसिंग और रिटेल लोन को 1 अक्टूबर से रेपो रेट से जोड़ने की घोषणा की है?
क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा
ख. यस बैंक
ग. केनरा बैंक
**घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**

**उत्तर:** घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने हाल ही में फ्लोटिंग रेट वाले एमएसएमई, हाउसिंग और रिटेल लोन को 1 अक्टूबर से रेपो रेट से जोड़ने की घोषणा की है. रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंकों को आरबीआई से कर्ज मिलता है.

---

प्रश्न 6. भारत के किस राज्य के मुख्यमंत्री के 3 ओएसडी और 3 सलाहकारों ने पद से इस्तीफा दे दिया है?
क. गुजरात
ख. दिल्ली
**ग. हरियाणा**
घ. केरल

www.studymasterofficial.com

**उत्तर:** ग. हरियाणा – हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के 3 ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) और 3 सलाहकारों ने पद से इस्तीफा दे दिया है. सरकार ने इस्तीफों को मंजूर कर लिया है. इस्तीफ़ा देने वाले में प्रिंसिपल ओएसडी नीरज दफ्तुआर, ओएसडी भूपेंश्वर दयाल और ओएसडी अमरेंद्र भी शामिल है.

---

प्रश्न 7. अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण मंच पर पहली बार प्रेसिडेंशियल सील की जगह किन दो देशो की दोस्ती का झंडा लगाया गया है?
क. यूएस और चीन
ख. यूएस और रूस
**ग. यूएस और भारत**
घ. यूएस और नार्थ कोरिया

**उत्तर:** ग. यूएस और भारत – हाउडी मोदी कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के भाषण मंच पर पहली बार प्रेसिडेंशियल सील की जगह यूएस और भारत की दोस्ती का झंडा लगाया गया है. अमेरिकी प्रशासन ने पहली बार लगाए जाने वाले प्रतीक में बदलाव किया है.

---

प्रश्न 8. ऑस्कर पुरस्कारों के लिए इस वर्ष भारत की ओर से किस फिल्म को नामित किया गया है?
क. ड्रीम गर्ल
**ख. गली-बॉय**
ग. अंधाधुंध
घ. पद्मावत

**उत्तर:** ख. गली-बॉय – ऑस्कर पुरस्कारों के लिए इस वर्ष भारत की ओर से रणवीर सिंह और अलिया भट्ट की मुख्य भूमिका वाली गली-बॉय फिल्म को नामित किया गया है. इस फिल्म को इससे पहले बेस्ट एशियन फिल्म कैटेगरी में NETPAC अवॉर्ड दिया गया था.

---

प्रश्न 9. वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2019 में भारत के राहुल अवारे ने कितने किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है?
क. 50 किलोग्राम
ख. 55 किलोग्राम
**ग. 61 किलोग्राम**
घ. 66 किलोग्राम

**उत्तर:** ग. 61 किलोग्राम – वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2019 में भारत के राहुल अवारे ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है. इस ब्रोंज मेडल के साथ भारत के पास 5 मेडल हो गए है. जिसमे 1 सिल्वर, 4 ब्रोंज मेडल शामिल है. इसके साथ ही चैंपियनशिप का समापन हो गया है.

---

प्रश्न 10. बांग्लादेश का कौन सा खिलाडी बांग्लादेश की तरफ से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज बन गया है?
क. मुस्ताफिजूर रहीम
**ख. शाकिब अल हसन**
ग. तमीम इकबाल
घ. सब्बीर रहमान

**उत्तर:** ख. शाकिब अल हसन – हाल ही में बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच में शाकिब अल हसन 45 गेंदों पर 70 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश की तरफ से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है. साथ ही शाकिब अल हसन ने टी20 क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे कर लिए है.

---

23 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

www.studymasterofficial.com

India GK Questions Answers-(PART-8) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-8)

**admin**

www.studymasterofficial.com

# 25 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स-Download Pdf

By **admin** - September 25, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

## 25 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

www.studymasterofficial.com

प्रश्न 1. फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी दुनिया की 250 सबसे सम्मानित कंपनियों में भारत की किस आईटी कंपनी को तीसरा स्थान मिला है?
क. टीसीएस
ख. विप्रो
**ग. इन्फोसिस**
घ. गूगल

**उत्तर:** ग. इन्फोसिस – फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी दुनिया की 250 सबसे सम्मानित कंपनियों में भारत की आईटी कंपनी इन्फोसिस को तीसरा स्थान मिला है. इस लिस्ट में अमेरिका की ग्लोबल पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी को पहला और इटली की कार कंपनी फेरारी को दूसरा स्थान मिला है.

---

प्रश्न 2. पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक पर किसने 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है?
क. सुप्रीमकोर्ट
ख. केंद्र सरकार
ग. निति आयोग
**घ. आरबीआई**

**उत्तर:** घ. आरबीआई – आरबीआई ने हाल ही में पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक पर 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है. जिसके मुतबिक, बैंक अब नए लोन नहीं दे सकेगा और ना ही पुराने लोन रिन्यू कर सकेगा. साथ ही कोई भी निवेश और नहीं कर सकेगा ना ही कर्ज या जमा ले सकेगा. बैंक के खाताधारक अब 1000 रुपए से ज्यादा नहीं निकाल पाएंगे.

---

प्रश्न 3. ऊकला के द्वारा जारी की गयी स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स रिपोर्ट के मुतबिक, भारत मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले में कौन से स्थान पर रहा है?
क. 50वें
ख. 70वें
**ग. 131वें**
घ. 148वें

**उत्तर:** ग. 131वें – ऊकला के द्वारा जारी की गयी स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स रिपोर्ट के मुतबिक, भारत मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले अपने पडोसी देश पाकिस्तान और श्रीलंका से भी पिछड़कर 131वें स्थान पर रहा है. मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले में श्रीलंका 83वें और पाकिस्तान 118वे स्थान पर रहा है जबकि नेपाल 10.78Mbps की स्पीड के साथ 130वे स्थान पर रहा है.

---

प्रश्न 4. नवजात शिशुओं में आनुवांशिक रोगों से निपटने के लिए किसने "उम्मीद" नाम की पहल का शुभारंभ किया है?
क. निति आयोग
ख. रामनाथ कोविंद
ग. नरेंद्र मोदी
**घ. डॉ. हर्षवर्धन**

**उत्तर:** घ. डॉ. हर्षवर्धन – भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में नवजात शिशुओं में आनुवांशिक रोगों से निपटने के लिए "उम्मीद" नाम की पहल का शुभारंभ किया है. साथ ही निदान केंद्रों का उद्घाटन किया है.

---

प्रश्न 5. हाल ही में किसके द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुतबिक, वर्ष 2019 अब तक के इतिहास का सबसे गम वर्ष बन जायेगा?
क. केंद्र सरकार
ख. योजना आयोग
**ग. संयुक्त राष्ट्र**
घ. वर्ल्ड बैंक

**उत्तर:** ग. संयुक्त राष्ट्र – संयुक्त राष्ट्र के द्वारा हाल ही में जारी की गयी रिपोर्ट के मुतबिक, वर्ष 2019 अब तक के इतिहास का सबसे गम वर्ष बन जायेगा. इस रिपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय मौसम विभाग ने तैयार किया है और सम्मलेन के दौरान 60 से अधिक देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि शामिल हुए.

---

India GK Questions Answers-(PART-4) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-4)

www.studymasterofficial.com

प्रश्न 6. एम्मी अवार्ड्स 2019 में किसे आउटस्टैंडिंग ड्रामा सीरीज़ का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
क. सेक्रेड गेम्स
ख. गेम ऑफ थ्रोन्स
ग. टर्मिनेटर 3
घ. फाइनल डेस्टिनेशन

**उत्तर:** ख. गेम ऑफ थ्रोन्स – एम्मी अवार्ड्स 2019 में गेम ऑफ थ्रोन्स को पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी आउटस्टैंडिंग ड्रामा सीरीज़ का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. साथ ही सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज़ के लिए 'फ्लीबैग' ने पुरस्कार जीता है.

---

प्रश्न 7. भारत की पीवी सिंधु की और महिला एकल बैडमिंटन की कोच ______ ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?
क. पुलीला गोपीचंद
ख. किम जी ह्युन
ग. सुमन शर्मा
घ. सुमित्रा त्यागी

**उत्तर:** ख. किम जी ह्युन – पीवी सिंधु का वर्ल्ड चैंपियनशिप में मार्गदर्शन करने वाले कोच और भारत की महिला एकल बैडमिंटन कोच किम जी ह्युन ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. किम जी ह्युन के मार्गदर्शन में ही पीवी सिंधु ने स्विट्जरलैंड के बासेल में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था.

---

प्रश्न 8. अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को कौन सी बार फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. दूसरी बार
ख. तीसरी बार
ग. छठी बार
घ. सातवी बार

**उत्तर:** ग. छठी बार – अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को छठी बार फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. इससे पहले अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012 और 2015 में भी वे बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था.

---

प्रश्न 9. इनमे से किस महिला फुटबॉलर को सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. अलेक्स मॉर्गन
ख. मेगन रेपिनो
ग. मारथा
घ. लकी ब्रोंज

**उत्तर:** ख. मेगन रेपिनो – अमेरिका की महिला फुटबॉलर मेगन रेपिनो को सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. साथ ही लिवरपूल के मैनेजर जर्गेन क्लॉप को बेस्ट मेन्स कोच ऑफ द इयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 10. निम्न में से किस देश में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 मनाया गया है?
क. भारत
ख. पकिस्तान
ग. अमेरिका
घ. ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर:** ग. अमेरिका – अमेरिका में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 मनाया गया है. अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 का विषय "सभी को सांकेतिक भाषा के अधिकार" है. यह दिवस उन लोगो को समर्पित है. जो सुन या बोल नहीं सकते और अपनी बातो को रखने के लिए सांकेतिक भाषा का सहारा लेते हैं.

---

www.studymasterofficial.com

## बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:

24 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

DOWNLOAD PDF

**admin**

www.studymasterofficial.com

# 26 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स – Download Pdf

By **admin** - September 26, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

www.studymasterofficial.com

## 26 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने तलाक पीड़िताओं को कितने हजार रूपये सालाना देने की घोषणा की है?
क. 5 हजार
**ख. 6 हजार**
ग. 10 हजार
घ. 20 हजार

**उत्तर:** ख. 6 हजार – उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में तलाक पीड़िताओं को 6 हजार रूपये सालाना देने की घोषणा की है. साथ ही पीएम आवास या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सरकारी मकान भी देने की घोषणा की है. साथ ही इन लोगो को सरकारी नौकरियां दी जाएंगी.

प्रश्न 2. निसान कंपनी के पूर्व सीईओ कार्लोस घोन पर भत्तों की जानकारी छिपाने के मामले में कितने करोड़ रूपये जुर्माना लगाया गया है?
क. 2 करोड़
ख. 5 करोड़
**ग. 7 करोड़**
घ. 12 करोड़

**उत्तर:** ग. 7 करोड़ – निसान कंपनी के पूर्व सीईओ कार्लोस घोन पर भत्तों की जानकारी छिपाने के मामले में 7 करोड़ रूपये जुर्माना लगाया गया है. वे अमेरिकी रेग्युलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) से एग्रीमेंट के तहत 10 लाख डॉलर यानी 7.1 करोड़ रुपए जुर्माना देंगे.

प्रश्न 3. भारतीय सिनेमा के किस प्रसिद्ध अभिनेता को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है?
क. अक्षय कुमार
**ख. अमिताभ बच्चन**
ग. आमिर खान
घ. रणबीर कपूर

**उत्तर:** ख. अमिताभ बच्चन – भारतीय सिनेमा के अभिनेता और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है. उन्होंने बॉलीवुड में 50 वर्ष पुरे कर लिए है. अमिताभ बच्चन को यह सम्मान दिया जाने पर पूरा देश और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ख़ुश है.

प्रश्न 4. केंद्र सरकार ने किसानों के लिए घर तक सुविधाएं प्रदान कराने के उद्देश्य कितने मोबाइल एप्प लॉन्च किये है?
क. एक मोबाइल एप्प
**ख. दो मोबाइल एप्प**
ग. तीन मोबाइल एप्प
घ. पांच मोबाइल एप्प

**उत्तर:** ख. दो मोबाइल एप्प – केंद्र सरकार ने हाल ही में किसानों के लिए घर तक सुविधाएं प्रदान कराने के उद्देश्य दो मोबाइल एप्प लॉन्च किये है. ये एप्प कृषि किसान एप्प और सीएचसी फार्म मशीनरी है. इस एप्प के माध्यम से किसान घर पर बैठे-बैठे ही किसी भी प्रकार छोटी-बड़ी मशीनरी को मंगा सकते है.

प्रश्न 5. तेलुगु फिल्मों के कॉमेडियन वेणु माधव का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?
**क. 39 वर्ष**
ख. 45 वर्ष
ग. 59 वर्ष
घ. 68 वर्ष

www.studymasterofficial.com

**उत्तर:** क. 39 वर्ष – तेलुगु फिल्मों के कॉमेडियन वेणु माधव का हाल ही में 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे किडनी और लीवर से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे. उनके निधन की खबर वामसी काका ने ट्विटर पर शेयर की. वर्ष 1996 में फिल्मों में एंट्री करने वाले वेणु माधव ने आखिरी फिल्म 2016 में आई डॉ. परमनंदैया की थी.

---

**India GK Questions Answers-(PART-4) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-4)**

प्रश्न 6. निम्न में से किस राज्य की कैबिनेट ने "चुनाव में जीतकर आने वाले पार्षद को अब महापौर और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनेंगे" इस बदलाव पर मोहर लगा दी है?
क. गुजरात कैबिनेट
ख. उत्तराखंड कैबिनेट
ग. दिल्ली कैबिनेट
घ. मध्य प्रदेश कैबिनेट

**उत्तर:** घ. मध्य प्रदेश कैबिनेट – मध्य प्रदेश कैबिनेट ने हाल ही में "चुनाव में जीतकर आने वाले पार्षद को अब महापौर और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनेंगे" नगरीय निकाय एक्ट में इस बदलाव पर मुहर लगा दी है. इससे पहले जनता सीधे महापौर और नगरपालिका अध्यक्ष को चुनती थी.

---

प्रश्न 7. बीसीसीआई सीओए ने हाल ही में किसे आरसीए चुनाव के लिए नया चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है?
क. विनोद जुत्शी
ख. विनोद वर्मा
ग. संदीप शर्मा
घ. विजय त्यागी

**उत्तर:** क. विनोद जुत्शी – बीसीसीआई सीओए ने हाल ही में विनोद जुत्शी को आरसीए चुनाव के लिए नया चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है. हालाँकि लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों के अनुसार वे चुनाव अधिकारी बनने के लिए क्वालिफाई नहीं हैं. और चुनाव अधिकारी को चुनाव आयुक्त होना जरूरी है.

---

प्रश्न 8. 26 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?
क. विश्व मूक बधिर दिवस
ख. विश्व शिक्षा दिवस
ग. विश्व महिला सुरक्षा दिवस
घ. विश्व विज्ञानं दिवस

**उत्तर:** क. विश्व मूक बधिर दिवस – 26 सितम्बर को विश्वभर में विश्व मूक बधिर दिवस मनाया जाता है, लेकिन वर्तमान में सितम्बर के अंतिम सप्ताह में विश्व मूक बधिर दिवस को विश्व मूक बधिर सप्ताह के रूप में जाना जाता है. इस दिवस के शुरुआत विश्व बधिर संघ ने वर्ष 1958 से 'विश्व बधिर दिवस' की.

---

प्रश्न 9. टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कौन सी खिलाडी भारत की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गयी है?
क. सुमन वर्मा
ख. शेफाली वर्मा
ग. सुनीता वर्मा
घ. सीमा वर्मा

**उत्तर:** ख. शेफाली वर्मा – टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शेफाली वर्मा खिलाडी भारत की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गयी है वे 15 वर्ष 239 दिन की उम्र की है उन्होंने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में डेब्यू किया. उनसे पहले पहले कोलकाता की गार्गी बनर्जी का नाम है जिन्होंने 14 साल 5 महीने की उम्र में डेब्यू किया था.

---

प्रश्न 10. यूईएफए कार्यकारी समिति ने चैम्पियंस लीग के मौजूदा सीजन का फाइनल किस देश के गेजप्रोम एरीना में खेले जाने की घोषणा की है?
क. जापान
ख. ऑस्ट्रेलिया

www.studymasterofficial.com

ग. रूस
घ. पकिस्तान

**उत्तर:** ग. रूस – यूईएफए कार्यकारी समिति ने चैम्पियंस लीग के मौजूदा सीजन (2019-20) का फाइनल रूस के गेजप्रोम एरीना में खेले जाने की घोषणा की है. और वर्ष 2022 का फाइनल जर्मनी के म्यूनिख में एलियांज एरीन में और 2023 का फाइनल इंग्लैंड के लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जायेगा.

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

25 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स-Download Pdf

/
/

DOWNLOAD PDF

**admin**

www.studymasterofficial.com

# 27 सितम्बर 2019 Current Affairs – Download Pdf

By **admin** - September 27, 2019

*Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*

*Like share & subscribe*

*www.studymasterofficial.com*

*join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

## 27 सितम्बर 2019 CURRENT AFFAIRS – DOWNLOAD PDF

www.studymasterofficial.com

प्रश्न 1. फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने हाल ही में किस कंपनी में 739 करोड़ रुपए में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है?
क. टीसीएस
क. विप्रो
ग. एयरइंडिया
घ. सीआरआईडीएस

**उत्तर:** घ. सीआरआईडीएस – फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने हाल ही में चैतन्य रूरल इंटरमीडिएशन डेवलपमेंट सर्विसेज (सीआरआईडीएस) में 739 करोड़ रुपए में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है और वे इस कंपनी के सीईओ का पद भी संभालेंगे. इस कंपनी का ज्यादातर कारोबार माइक्रोफाइनेंस से जुड़ा है.

---

प्रश्न 2. हाल ही में यूगोव के द्वारा किये गए सर्वे के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के बाद कौन देश का दूसरा सबसे प्रशंसनीय व्यक्ति है?
क. सचिन तेंदुलकर
ख. रणवीर सिंह
ग. वरुण धवन
घ. महेंद्र सिंह धोनी

**उत्तर:** घ. महेंद्र सिंह धोनी – हाल ही में यूगोव (YouGov) के के द्वारा किये गए सर्वे के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के बाद क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भारत के दूसरे सबसे प्रशंसनीय व्यक्ति है. इस सर्वे में पीएम मोदी को (15.66%) ऐडमायरेशन रेटिंग और एमएस धोनी 8.58% अंकों के साथ दूसरा स्थान मिला है.

---

प्रश्न 3. निम्न में से कौन सी महिला खिलाडी विश्व की टॉप 25 प्रशंसनीय महिलाओं की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय हैं?
क. मिताली राज
ख. पीवी सिन्धु
ग. मैरी कॉम
घ. साइना नेहवाल

**उत्तर:** ग. मैरी कॉम – हाल ही में किये गए एक सर्वे के मुताबिक, भारतीय महिला बॉक्सर मैरी कॉम विश्व की टॉप 25 प्रशंसनीय महिलाओं की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय हैं और वे 25वें स्थान पर हैं. साथ ही मैरी कॉम सबसे अधिक प्रशंसनीय भारतीय महिला की सूची में पहले स्थान पर है.

प्रश्न 4. पीआर कंपनी डब्ल्यूपीपी की रैंकिंग में किसे लगातार छठे वर्ष देश का मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड घोषित किया गया है?
क. कोटक महिंद्रा बैंक
ख. एलआईसी
ग. एशियन पेंट्स
घ. एचडीएफसी बैंक

**उत्तर:** घ. एचडीएफसी बैंक – पीआर कंपनी और एडवरटाइजिंग कंपनी डब्ल्यूपीपी की रैंकिंग में लगातार छठे वर्ष एचडीएफसी बैंक को मोस्ट वैल्यूएबल ब्रांड घोषित किया गया है. इस ब्रांड की वैल्यू 22.70 अरब डॉलर है जबकि एलआईसी की 1.43 लाख करोड़ रुपए है और वह दुसरे नंबर पर है. इस रैंकिंग में रिलायंस जियो 9वे स्थान पर है.

---

प्रश्न 5. आईआईएफएल वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक मुकेश अम्बानी लगातार कौन से वर्ष देश के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति रहे है?
क. 5वें वर्ष
ख. 7वें वर्ष
ग. 8वें वर्ष
घ. 12वें वर्ष

**उत्तर:** ग. 8वें वर्ष – आईआईएफएल वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक मुकेश अम्बानी लगातार 8वें वर्ष देश के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति रहे है. उनकी नेटवर्थ 3.80 लाख करोड़ रुपए है. दुसरे नंबर पर एसपी हिंदुजा परिवार है जिनकी नेटवर्थ 1.86 लाख करोड़ रुपए है.

## Hindi Geography – GK Question and Answer in Hindi (PART-6) – Download Pdf

---

प्रश्न 6. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने किसे अपनी संस्था का नया प्रबंध निदेशक और कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है?
क. जेम्स अलेक्स
ख. सिमोन बूस्टर
ग. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा
घ. टोरी जॉर्जीएवा

**उत्तर:** ग. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा – अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने बुल्गारिया की क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा को अपनी संस्था का नया प्रबंध निदेशक और कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है. उनका चयन 189 देशों के सदस्यों वाली संस्था के 24 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड ने किया है. क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा वर्ष 2017 से विश्व बैंक की सीईओ रही है.

प्रश्न 7. बीसीसीआई के पूर्व चैयरमैन एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ को किस क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है?
क. कोलकाता क्रिकेट एसोसिएशन
ख. दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन
ग. गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन
घ. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन

**उत्तर:** घ. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन – बीसीसीआई के पूर्व चैयरमैन एन श्रीनिवासन की बेटी रूपा गुरुनाथ को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है. साथ ही वे भारत की पहली ऐसी महिला बन गई हैं, जिनको स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है.

---

प्रश्न 8. निम्न में से किस देश के राष्ट्रपति ने 100 फुटबाल मैदानों जितने आकार वाले एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत की है?
क. चीन
ख. अमेरिका
ग. ऑस्ट्रलिया
घ. साउथ कोरिया

**उत्तर:** क. चीन – चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में 100 फुटबाल मैदानों जितने आकार वाले एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत की है. यह एयरपोर्ट (बीजिंग दाक्सिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) मछली जैसा दिखने वाला है. यह एयरपोर्ट वर्ष 2040 से पूरी क्षमता चलना शुरू होगा और इस एयरपोर्ट में 8 रनवे होंगे. इस एयरपोर्ट का कोड नाम पीकेएक्स है.

---

प्रश्न 9. अमेरिका ने किस देश से कच्चा तेल खरीदने के लिए चीन की कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
क. इराक
ख. ईरान
ग. सऊदी अरब
घ. जापान

**उत्तर:** ख. ईरान – संयुक्त राज्य अमेरिका ने हाल ही में ईरान से कच्चा तेल खरीदने के लिए चीन की कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है. अमेरिका के राज्य सचिव माइक पोम्पियो ने कहा है की यह प्रतिबन्ध अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए लगाए गए है.

प्रश्न 10. 2 वर्ष पहले ह्यूमन स्पेस मिशन की तैयारी करने वाले किस देश ने अपना पहला एस्ट्रोनॉट अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजा है?
क. चीन
ख. अमेरिका
ग. ऑस्ट्रलिया
घ. संयुक्त अरब अमीरात

**उत्तर:** घ. संयुक्त अरब अमीरात – 2 वर्ष पहले ह्यूमन स्पेस मिशन की तैयारी करने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपना पहला एस्ट्रोनॉट अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजा है. इसके साथ ही पहली बार ही किसी इस्लामिक देश से कोई एस्ट्रोनॉट ISS पहुंचा है. यूएई की इस उपलब्धि पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी.

---

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

www.studymasterofficial.com

26 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स – Download Pdf

DOWNLOAD PDF

admin

www.studymasterofficial.com

# 28 September 2019 Current Affairs – Download Pdf

By **admin** - September 28, 2019

www.studymasterofficial.com

## 28 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. केंद्र सरकार ने एकता और अखंडता के क्षेत्र में योगदान के लिए किस भारतीय राजनीतिज्ञ के नाम पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार की शुरूआत की है?
क. अटल बिहारी वाजपेयी
**ख. सरदार वल्लभभाई पटेल**
ग. इंदिरा गाँधी
घ. नरेंद्र मोदी

**उत्तर:** ख. सरदार वल्लभभाई पटेल – केंद्र सरकार ने हाल ही में एकता और अखंडता के क्षेत्र में योगदान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार की शुरूआत की है. इस पुरस्कार की घोषणा सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर की जाएगी.

---

प्रश्न 2. भारत की किस पूर्व भारतीय महिला धाविका को आईएएएफ के वेटरन पिन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. अश्विनी नचप्पा
ख. ललिता बाबर
**ग. पीटी ऊषा**
घ. दुती चंद

**उत्तर:** ग. पीटी ऊषा – भारत की पूर्व भारतीय महिला धाविका पीटी ऊषा को आईएएएफ की 52वीं कॉन्फ्रेंस में में अंतरराष्ट्रीय ऐथलेटिक्स महासंघ (आईएएएफ) के वेटरन पिन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. इस पुरस्कार से एशिया से तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 3. 28 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?
क. विश्व टीबी दिवस
**ख. विश्व रेबीज दिवस**
ग. विश्व एड्स दिवस
घ. विश्व कैंसर दिवस

**उत्तर:** ख. विश्व रेबीज दिवस – 28 सितंबर को हर वर्ष पुरे विश्व में विश्व रेबीज दिवसमनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रेबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाना है. आज के दिन विश्व रेबीज दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ और सूक्ष्मजीवविज्ञानी लुई पाश्चर की पूण्यतिथि के अवसर मनाया जाता है.

---

प्रश्न 4. निम्न में से किस पूर्व क्रिकेटर को निर्विरोध सीएबी का अध्यक्ष चुना गया है?
क. सचिन तेंदुलकर
**ख. सौरव गांगुली**
ग. कपिल देव
घ. विनोद काम्बली

**उत्तर:** ख. सौरव गांगुली – भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को निर्विरोध सीएबी का अध्यक्ष चुना गया है. वे जुलाई-2020 तक सीएबी के अध्यक्ष रहेंगे. इसके बाद वे बीसीसीआई के संविधान के अनुसार, "कूलिंग ऑफ पीरियड" पर चले जायेंगे. वे दूसरी बार सीएबी के अध्यक्ष बने हैं. इससे पहले वे 2015 में चुने गए थे.

---

प्रश्न 5. विश्व चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले किस खिलाडी ने पुरुषों की 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है?
क. बजरंग पुनिया
**ख. दीपक पुनिया**
ग. पीवी कश्यप
घ. सुशील कुमार

**उत्तर:** ख. दीपक पुनिया – विश्व चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले दीपक पुनिया ने पुरुषों की 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है. वे जूनियर वर्ल्ड चैम्पियन में चोट के कारण फाइनल नहीं खेल पाए थे. उन्होंने 82 अंकों के साथ बजरंग पूनिया को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है.

---

प्रश्न 6. अमेरिका ने किस देश के सरकारी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है?
क. चीन
ख. इराक
**ग. ईरान**
घ. ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर:** ग. ईरान – अमेरिका ने हाल ही में ईरान के सरकारी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों को देश के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है. अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है की कई वर्षो से ईरानी अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य चुपचाप अमेरिका की स्वतंत्रता और समृद्धि का फायदा ले रहे हैं.

---

प्रश्न 7. निम्न में से किस देश की सरकार ने देश के सबसे बड़े 65 वर्ष के हाथी "नंडुनगमुवा राजा" की सुरक्षा के लिए सेना के जवान तैनात किए हैं?
क. भारत सरकार
ख. अमेरिकी सरकार
ग. पकिस्तान सरकार
**घ. श्रीलंका सरकार**

**उत्तर:** घ. श्रीलंका सरकार – श्रीलंका सरकार ने हाल ही में देश के सबसे बड़े 65 वर्ष के हाथी नंडुनगमुवा राजा की सुरक्षा के लिए सेना के जवान तैनात किए हैं. हाथी नंडुनगमुवा राजा की ऊंचाई 10.5 फीट है यह श्री लंका के सबसे बड़ा हांथी है. यह हांथी कई उत्सवों में हिस्सा लेने के लिए मुख्य मार्गों से गुजरता है.

---

प्रश्न 8. एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के मुतबिक, कौन सा देश दक्षिण एशिया में सबसे कम जीडीपी वाला देश है?
क. अफगानिस्तान
ख. श्रीलंका
**ग. पाकिस्तान**
घ. भारत

**उत्तर:** ग. पाकिस्तान – हाल ही में जारी की गयी एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के मुतबिक, पाकिस्तान मौजूदा वित्त वर्ष 2019-20 में दक्षिण एशिया में सबसे कम जीडीपी वाला देश है. पकिस्तान की जीडीपी 2.8 फीसदी रहने का अनुमान है. पकिस्तान के बाद अफगानिस्तान (3.4 फीसदी), श्रीलंका

www.studymasterofficial.com

फीसदी), भूटान (6 फीसदी) और भारत (7.2 फीसदी) की जीडीपी का अनुमान है.

---

प्रश्न 9. किस देश ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब टूरिस्ट वीजा जारी करने की घोषणा की है?
क. जापान
ख. चीन
ग. मालदीव
**घ. सऊदी अरब**

**उत्तर:** घ. सऊदी अरब – सऊदी अरब ने हाल ही में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब टूरिस्ट वीजा जारी करने की घोषणा की है. सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए तेल पर निर्भरता कम करना चाहता है.

---

प्रश्न 10. भारत, जापान और किस देश के बीच जापान के ससेबो शहर के समीप पश्चिमी प्रशांत महासागर में मालाबार सैन्य अभ्यास की शुरुआत हुई है?
क. चीन
**ख. अमेरिका**
ग. ऑस्ट्रलिया
घ. अफ्रीका

**उत्तर:** ख. अमेरिका – भारत, जापान और अमेरिका के बीच जापान के ससेबो शहर के समीप पश्चिमी प्रशांत महासागर में मालाबार सैन्य अभ्यास की शुरुआत हुई है. इस युद्धाभ्यास में तीनो देशो अपनी सामरिक और सैन्य साझेदारी का संयुक्त प्रदर्शन भी करेंगे. साथ ही तीनो देशो के बीच आपसी सहयोग को मजबूती मिलेगी.

---

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

## 27 September 2019 Current Affairs in Hindi – Download PDF

DOWNLOAD PDF

## Also Download Other PDFs From Here

- **Indian GK**
- **Indian Geography**

www.studymasterofficial.com

**admin**

www.studymasterofficial.com